प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 26.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फहरायेंगी राष्ट्रीय ध्वज।
- गणतंत्र दिवस का राज्यस्तरीय समारोह उदयपुर में आयोजित हो रहा है–राज्यपाल हरीभाऊ बागडे फहरा रहे हैं तिरंगा–जिलों में प्रभारी मंत्री और कलेक्टर देंगे राष्ट्र ध्वज को सलामी।
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने किया देश को संबोधित–कहा, संविधान ने 75 वर्षों से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया।
- वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा–प्रदेश से तीन हस्तियों को पद्मश्री।

.........................

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर देशभर में समारोह आयोजित कर उल्लास व्यक्त किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय समारोह नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित हो रहा है जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु थोडी देर बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगी। परेड सुबह साढ़े दस बजे आरंभ होगी। परेड में देश की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा और विविधता को दर्शाती झांकियों के साथ ही सैन्य क्षमता का भी उत्कर्ष्ठ प्रदर्शन किया जायेगा। परेड में सशस्त्रबलों, अर्ध सैनिक बलों, एनसीसी और एनएसएस की इकाइयां शामिल होंगी। इंडोनेशिया का 160 सदस्य मार्चिंग दस्ता और 190 सदस्य बैंड दस्ता भी परेड में भाग लेगा। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों की 31 झांकियां शामिल होंगी। राष्ट्र और समाज निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से दस हजार विशेष अतिथियों को इस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें गांव के सरपंच, हस्तशिल्प और हथकरघा कारीगर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सड़क निर्माण श्रमिक शामिल है।

.........................

गणतंत्र दिवस का राज्यस्तरीय समारोह उदयपुर में रखा गया हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे तिरंगा फहरायेंगे और मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के वैभव और धरोहर को दर्शाती झांकियां और कला संस्कृति के कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

.........................

राज्य के सभी जिलों में भी गणतंत्र दिवस उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विधानसभा कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोगों के साथ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टर ध्वजारोहण कर रहे है। इसके अलावा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और निजी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों की ओर से भी गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस बीच गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उदयपुर में फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी शिरकत की। इससे पहले राज्यपाल ने फ्लॉवर शो का शुभारंभ किया और सेना के अस्त्र–शस्त्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल ने सहेलियो की बाड़ी में आयोजित एक अन्य कार्यकम में 15 पुलिस अधिकारियों को पुलिस पदक प्रदान किए। इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 6 लोगों को प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। कार्यकम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे। इधर जिलों में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से पूर्व संध्या पर कार्यकम रखे गए। कार्यकमों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

.........................

गणतंत्र दिवस को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कडी की गई है। अंतर्राज्यीय सीमाओं के साथ ही पाकिस्तान से लगती सरहद पर भी सुरक्षा के कडे बंदोबस्त किये गये है। सरहदी जिले जैसलमेर में बीएसएफ ने चौकसी बढा दी है। राष्ट्रीय दिवस को देखते हुए जवानों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। इधर राजधानी जयपुर में भी देर रात तक पुलिस की जांच कार्रवाई जारी रही। वहीं उदयपुर में भी कानून और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन जुटा रहा।

.........................

राष्ट्रपति द्रौपूदी मुर्मू ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि संसद में पेश 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक में सुशासन की शर्तों को फिर से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना शासन में निरंतरता को बढ़ावा दे सकती है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाने का निर्णय इन प्रयासों में सबसे उल्लेखनीय रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान ने पिछले 75 वर्षों से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। श्रीमती मुर्मु ने संविधान आलेखन समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर. अंबेडकर और संविधान सभा के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने उन महान वीरों को याद किया जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए बलिदान दिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहा है।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं और उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हाल के वर्षों में भारत की आर्थिक विकास दर लगातार बढी है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और किसानों तथा मजदूरों की आय बढी है।

.........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। इस सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएँ हैं। भारतीय लेखक एमटी वासुदेवन नायर, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के पूर्व

अध्यक्ष ओसामु सुजुकी और गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। गायक पंकज उधास और अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है। हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और क्रिकेट खिलाडी रविचंद्रन अश्विन तथा फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। प्रदेश से तीन हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई है। इनमें बेगम बतूल को मांड और लोकगीतो के लिए, श्री बेजनाथ महाराज को धर्मसंस्कृति के लिए और शीन काफ निज़ाम उर्फ शिवकृष्ण बिस्सा को साहित्य और शिक्षा के संबंध मे विशिष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कार के लिये चुना गया है।

.........................

गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान पुलिस से पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक और आईजी विकास कुमार सहित 16 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुलिस **पदक** प्रदान करने की घोषणा की गयी है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने सम्मान प्राप्त करने वाले सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के लिए बधाई दी है।

.........................

प्रदेश में तेज सर्दी का दौर तीन–चार दिन जारी रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में उदयपुर और चूरू सहित कई जिलों में कड़ाके की सर्दी का असर रहा। विभाग के अनुसार 28 जनवरी के बाद से राज्य के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

.........................